Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 17th April, 2023

Job Notification for Agriculture Officer Examination

कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती के फॉर्म आज से होंगे जमा

इंदौर। मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने ग्रुप-एक सब ग्रुप-एक एव ग्रुप-दो सब ग्रुप-एक संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023 के तहत भर्ती निकाली है। इस संयुक्त परीक्षा के माध्यम से कुल 1978 पदों पर भर्ती होगी। इनमें सबसे ज्यादा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 1852 पद शामिल हैं। यह भर्ती परीक्षा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी (कार्यपालिक) के पदों और ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कार्यपालिक) एवं अन्य समकक्ष पदों के लिए होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल से जमा होंगे। जिसकी अंतिम तारीख 1 मई है। आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया 17 अप्रैल से 6 मई तक चलेगी। परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होगी। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट में 9 से 12 बजे तक होगी। इसके लिए उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 7 से 8 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी। दूसरी शिफ्ट में परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से 5.30 बजे तक होगी। इसके लिए परीक्षा केंद्र पर उम्मीदवार को दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)